# कृषि महाविद्यालय जोधपुर
(कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर), मण्डोर, जोधपुर-३४२३०४,राजस्थान

Swachhata

## COLLEGE OF AGRICULTUR JODHPUR
(AGRICULTURE UNIVERSITY JODHPUR),MANDOR, JODHPUR-342304, RAJASTHAN

Mob:9462719565, Email: coajodhpur@gmail.com


**No. F.(3)/Store/CoA/Jodh/2021/** 1578-80 **Date: 24-11-2021**

### खुली निविदा सूचना

कृषि महाविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा मुख्यालय पर वर्ष 2021–22 मे आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सम्मिलित अधिकारियों, कर्मचारियो, विशिष्ठ अतिथितियो तथा किसानों/विद्यार्थियों को चाय, नाश्ता और खाना एवं अन्य सामग्री प्रदान हेतु जीएसटी में पंजीकृत, वाणिज्य कर विभाग में राजस्थान वेट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत पंजीकृत एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से खाद्य एव सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत् लाईसेंस धारी फर्मो/निविदादाताओं से दर अनुबंध हेतु प्रोक्योरमेंट प्रकिया से निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://www.sppp.rajasthan.gov.in तथा http://www.aujodhpur.ac.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | आवेदन शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था/चाय, कॉफी | 4,50,000/– | 9,000/– | 500/– |

निविदा संबंधित विभिन्न तिथियां एवं समयः–

| क्र. सं. | निविदा प्राप्ति दिनांक | डी.डी. / दस्तावेज जमा करवाने की अंतिम दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 25.11.2021 दोपहर 12:00 बजे से 04.12.2021 प्रातः 11:00 बजे तक | 04.12.2021 दोपहर 1:00 बजे तक | 04.12.2021 दोपहर 3:00 बजे | कृषि महाविद्यालय, जोधपुर |

(अधिष्ठाता)

प्रतिलिपि :–
1. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. लेखा-शाखा, कृषि-महाविद्यालय, जोधपुर
3. भण्डारण-प्रभारी, कृषि महाविद्यालय, जोधपुर /समिति सदस्य
4. रक्षित पत्रावली / नोटिस बोर्ड

Store Incharge
COA, JODHPUR

# चाय–कॉफी, भोजन हेतु खुली निविदा सूचना 2021–22

## निविदा के लिए संविदा की शर्ते

1. खाद्य सुरक्षा का प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करना होगा। इसके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
3. दरें शब्दो व अंको दोनों में लिखी जावेगीं। इनमें त्रुटियां या उपर लेखन नहीं होना चाहिये। यदि कोई शुद्धियाँ करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं दिनांक सहित उन पर लघु हस्ताक्षर किये जाने चाहिये। दरों में राजस्थान बिक्री कर एवं केन्द्रीय बिक्री कर की राशि को पृथक में दिखाना चाहिये।
4. बयाना राशि (अर्नेस्ट मनी):

(क) निविदा के साथ 9,000/– (रूपये नौ हजार मात्र) की बयाना राशि प्रस्तुत की जायेगी। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि (अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर) कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के पक्ष में डीडी के रूप में जमा कराई जानी चाहिये।

(ख) बयाना राशि का प्रतिदाय (Refund of Earnest Money) असफल निविदादाताओं की बयाना राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के पश्चात् लौटायी जोयगी।

5. भुगतान जब पक्षकारों के मध्य अन्यथा सहमति न हो जाए, भुगतान निविदादाता द्वारा क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जावेगा तथा सभी प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा वहन किये जायेगें।
6. सब्जी बनाने के लिये काम मे लिया जाने वाला तेल मूंगफली/घी (ब्रांडेड) का होना चाहिए।
7. सभी सामग्री अच्छी किस्म की सामग्री से निर्मित होनी चाहिए।
8. भोजन आदि की व्यवस्था मेला स्थल पर या उसके आस–पास बताई जगह पर करनी होगी।
9. भोजन थाली, कटोरी, चम्मच आदि की सप्लाई करना होगा।
10. स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था ग्लास के साथ निविदादाता द्वारा ही की जोयगी। पानी आर. ओ. फिल्टर होना चाहिये।
11. चाय नाश्ते के लिये कप–प्लेट इत्यादी की व्यवस्था आवश्यकतानुसार निविदादाता को करनी होगी।
12. झूठे डिस्पोजल खाने–पीने के तुरंत बाद स्थल से हटाने होंगे।
13. जिन निविदादाताओं की दरें क्रय कमेटी द्वारा अनुमोदित की जायेगी उन्हे समय–समय पर कार्यालय की मांग एवं आवश्वयकतानुसार कार्यआदेश जारी करने पर अनुमोदित दर पर फर्म को आपूर्त्ति करनी होगी।
14. प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में जब्त कर लिया जायेगा।

1. जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया हो।
2. जब निविदादाता संपूर्ण सप्लाई संतोषजनक ढ़ंग से करने में असफल रहा हो।
3. प्रतिभूति निक्षेप को जब्त करने के मामले में युक्ति युक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

15. प्रत्येक सफल निविदादाता को आदेश प्राप्ति पर 5 प्रतिशत अमानत राशि जमा करवानी होगी। धरोहर राशि को अमानत राशि में शामिल किया जा सकेगा।
16. फर्म/ठेकेदार अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या उप भाडे (सब लैट) पर नहीं देगा।

Sd/-

DEAN
COA, JODHPUR

17. आप द्वारा प्रस्तुत दरें आगामी 31.03.2022 तक मान्य होगी। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर बढ़ाया भी जा सकता है।

18. निविदादाता की न्यूनतम दरें स्वीकृत होने पर नियमानुसार एग्रीमेंट निष्पादित कर प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

19. भोजन संबंधी समस्त सामग्री ईंधन, बर्तन, पानी आदि की निविदादाता को व्यवस्था करनी होगी।

20. निविदादाता द्वारा प्रतिदिन चाय व भोजन तथा सांय भोजन अपने स्तर से सम्पर्क कर देना होगा। चाय व भोजन अधिक बनाने पर उसकी जिम्मेदारी होगी।

21. निविदादाता द्वारा प्रतिदिन चाय व भोजन तथा सांय भोजन किसानों को दिया जायेगा उस बाबत् प्रतिदिन सुबह व सांय की पृथक–पृथक निम्न विवरणानुसार सूचना किसानों से हस्ताक्षर करवाकर कार्यालय में नियमित रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

22. निविदादाता को उपयुक्त नियमित रूप से प्रस्तुत विवरण के आधार पर गणनाकर सुबह व शाम की पृथक–पृथक वर्किंग लंच व डिनर भुगतान कार्यालय रिकॉर्ड से पुष्टि कर किया जायेगा।

23. क्रय कमेटी को अधिकार होगा कि वह किसी भी निविदा को बिना बताये अस्वीकृत कर सकेंगे।

24. निविदा को दिनांक 04.12.2021 को 03:00 बजे बाद खोला जायेगा। यदि किसी कारणवश उस दिन का अवकाश रहता है अथवा निविदा नहीं खोली जाती है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदा खोली जायेगी।

25. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/स्थगित/निरस्त आदि करने का अधिकार (अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर) कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के पास सुरक्षित रहेगा एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के निर्णय सर्वमान्य होंगे।

26. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 में और उपरोक्त दी गई शर्तों में विरोधाभास की स्थिति में आरटीपीपी एक्ट एवं नियम प्रभावी होगा।

27. किसी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर होगा।

28. बिक्री कर प्रमाणपत्र में खाद्य पदार्थ आपूर्ति का उल्लेख होना आवश्यक होगा।

29. निविदादाता का चाय, दोपहर का भोजन के लिए दरें प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से देनी होगी।

DEAN
COA, JODHPUR

निविदादाता के हस्ताक्षर ..........................................

मोबाइलनम्बर ..................................................

मोहर ....................................................

# कृषि महाविद्यालय, मंडोर
## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

**No. F.(3)/Store/CoA/Jodh/2021/** 1578-80 **Date:** 24-11-2021

### निविदा प्रपत्र

1. कार्य का विवरणः अल्पाहार, चाय, कॉफी, एवं भोजन व्यवस्था हेतु दर संविदा।
2. निविदा प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति/फर्म/व्यापारी का नाम व पूर्ण पता..........................................................
.................................................................................................................................................
..................................................................................
3. दूरभाष नं..........................................................
4. आयकर स्थायी खाता संख्या..........................................................................................................
..............................................................................
5. जीएसटी पंजीयन क्रमांक.......................................................................
6. हेल्थ विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा लाईसेंस संलग्न है।
7. निविदा जिसको संबोधित की गई है– अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
8. निविदा शुल्क की राशि 500–/ की राशि डीडी ........................................................दिनांक ................. ................................ अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के नाम जो जोधपुर में देय है। (सलंग्न है)
9. अमानत राशि 9000–/का डीडी .................................... जिसका क्रमांक....................... दिनांक ............... ..........जो **अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर**, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के नाम जो जोधपुर में देय है। (सलंग्न है)
10. मैंने/हमने अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, मंडोर, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा जारी की गयी निविदा सूचना में वर्णित सभी शर्तो तथा संलग्न निविदा की शर्तो एवं अतिरिक्त शर्तो को भली भांति अध्ययन कर लिया है। जिसके लिये मै/हम बाध्य हूँ/हैं उन्हें स्वीकार किये जाने के प्रमाण स्वरूप मैंने/हमने हस्ताक्षर कर दिये है।
11. मै/हम निम्नलिखित कार्य को उनके सम्मुख अंकित दर (सभी करों एवं खर्चे सहित) करने एवं देने को सहमत हूँ/है।
12. निविदादाता द्वारा वर्णित की गई दरें दिनांक 31.03.2022 तक मान्य हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर

DEAN
COA, JODHPUR

## चाय–कॉफी, भोजन हेतु खुली निविदा के लिए आपूर्ति दरें 2021–22

निविदादाता का नामः..............................................................................................................................................

दिनांक................................

| आइटम क्र.सं. | विवरण | दर मय कर |
|---|---|---|
| 1. | चाय 100 ml. (लगभग 3000) | |
| 2. | चाय 100 ml.मय बिस्किट (कुकीज) (लगभग 3000) | |
| 3. | अल्पाहार (आलू चिप्स, केला, एक पीस मिठाई, और नमकीन या समोसा या मिर्चीबडा के साथमें चाय या कॉफी) (लगभग 1500) | |
| 4. | नाश्ता–<br>पोहा या पराठा व दही या उपमा या कडी कचौरी या दूध कॉर्नफ्लेक्स या ब्रेडबटर (लगभग 500) | |
| 5. | खाना–1<br>पूड़ी या रोटी (देशी घी से चुपडी), सब्जी, दाल, मौसमी सब्जी, मिर्ची का कूटा, सलाद, एक पीस मिठाई (लगभग 200) | |
| 6. | खाना–2<br>पूड़ी या रोटी (देशी घी से चुपडी), सब्जी, दाल, पनीर की सब्जी, मौसमी सब्जी, चावल, मिर्ची का कूटा, सलाद, मिठाई दो पीस और छाछ<br>(लगभग 200 ) | |
| 7. | खाना–3<br>पूड़ी या रोटी (देशी घी से चुपडी), हरी सब्जी, दाल, पनीर की सब्जी, मौसमी सब्जी, हल्दी की सब्जी, पचकूटा सब्जी, पुलाव/चावल, ग्रीन सलाद, मिठाई, आईसक्रीम, अचार, पापड़, रायता/छाछ (लगभग 500) | |
| 8. | दाल बाटी चूरमा, देशी घी में और मिर्ची का कूटा, ग्रीन सलाद<br>(लगभग 500) | |

नोट– उपरोक्त आइटमस में से संख्या घटाई बढ़ाई जा सकती है।

SRitha

DEAN
COA, JODHPUR

निविदादाता के हस्ताक्षर ........................................

मोबाइल नम्बर ..................................................

मोहर ....................................................

## निविदादाता की घोषणा

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ/करते हैं कि जिस कार्य के लिए निविदा की गई है उसका मेरे/संस्था के पास कार्य का पूर्ण अनुभव हैं। यदि यह घोषणा असत्य पाई जावे तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी धरोहर राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से जब्त की जा सकती है तथा निविदा को जिस भाग/सीमा तक स्वीकार किया गया हे को रद्द किया जा सकेगा।

DEAN
COA, JODHPUR

निविदादाता के हस्ताक्षर ......................................

मोबाइलनम्बर ..................................................

मोहर ..................................................